# शताब्दी वर्ष के श्रीगणेश में संघ प्रमुख ने लिया मां का आशीर्वाद

## कुटुम्ब सम्पर्क अभियान की शुरूआत पतौरा से की, भोजन के लिए पहुंचे प्रचारक निवास

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 अक्टूबर. दो दिवसीय प्रवास पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डां मोहन राव भागवत शनिवार की सुबह मैहर पहुचे.विजयादशमी के अवसर पर मुख्यालय नागपुर में आयोजित सदी वर्ष समारोह को सम्बोधित करने के बाद पहली आधिकारिक यात्रा में विन्ध्य पहुचे संघ प्रमुख ने मैहर में मां शारदा धाम पहुचकर मां के दर्शन पूजन कर आर्शीवाद लिया.इसी के साथ उन्होने वर्ष भर होने वाले कार्यक्रमों का श्री गणेश किया.**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक डां भागवत को नागपुर के समीपी रेलवे स्टेशन इतवारी से शुक्रवार की शाम को यात्रा प्रारम्भ कर सुबह मैहर पहुंचना था.गाड़ी संख्या 11755 जिसके मैहर पहुचने का निर्धारित समय सुबह 6.03मिनट है शनिवार को लगभग एक घण्टे बिलम्ब 7.07 मिनट पर पहुंची.यहां



पर पिछले तीन दिनों से तैनात सुरक्षा दस्ते ने स्टेशन पर उतरते ही अपनी निगरानी में लेते हुए सीधे बोस कालोनी स्थित संघ कार्यालय नारायण कुटी ले गया.जहां कुछ घण्टे विश्राम के बाद करीब साढ़े 9 बजे उनका काफिला माता के दर्शन के लिए रवाना हुआ.इसके पूर्व स्थानीय प्रशासन ने मार्ग व मंदिर परिसर को पूरी तरह से खाली करा लिया था.बताया गया है कि संघ प्रमुख रोपवे से ऊपर मंदिर पहुचे जहां मां शारदा पीठ के प्रधान पुजारी पवन महाराज ने पूजा अर्चना कराई.इस दौरान मंदिर में प्रवेश की किसी को अनुमति नहीं दी गई.स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि के तौर पर कलेक्टर रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह मौजूद रहे.करीब बीस मिनट मंदिर परिसर में रहने के बाद डां भागवत वापस नीचे आए.इसके बाद अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सतना के लिए रवाना हो गए. संघ प्रमुख का काफिला एक घन्टे की यात्रा के बाद करीब साढ़े 11 बजे पतौरा स्थित चतुर्वेदी निवास पहुंचा.जहां उनकी अगुवानी संघ के महाकौशल प्रांत के प्रचार बृजकांत और उनके भाई गेंदिका प्रसाद ने की.दोपहर के भोजन के लिए यहां पहुंचे डां भागवत ने परिवार के सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त किया.बाद में विन्ध्य के देसी व्यंजनों का आनन्द लिया.इस पूरी यात्रा के दौरान उनके साथ उनके निज सचिव के अलावा कोई नहीं था.न ही श्री चतुर्वेदी के निवास पर किसी को मौजूद देखा गया.करीब एक घण्टा से अधिक समय बीतने के बाद डां भागवत सीधे बायपास होते हुए विद्यापीठ पहुंचे.जहां प्रवास के दौरान निवास निर्धारित किया गया है.

### बीटीआई मैदान में सार्वजनिक सभा आज

संघ प्रमुख डां मोहनराव भागवत के दूसरे दिन के तय कार्यक्रम में संत मेहर साह गुरूद्वारा के लोकार्पण के पश्चात बीटी आई मैदान में सार्वजनिक सभा की सम्भावना है .इसके लिए संघ की ओर से अपने अनुशंगिक संगठनों को सूचना जारी की गई है .ताकि वे उस कार्यक्रम में उपस्थित होकर संघ चालक का मार्गदर्शन प्राप्त करें .

### अभी संघ के काम शेष हैं

अनाधिकृत तौर पर मिली जानकारी के अनुसार सरसंघ चालक ने शाम चार के बाद प्रांत के सभी जिलों से आए विस्तारक व प्रचारकों से संवाद किया .अठारह से पच्चीस आयु वर्ग के इन युवा स्वयं सेवकों के संवाद कार्यक्रम में शताब्दी वर्ष के लिए तय किए गए पंच कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा कि संघ ने अपने सौ वर्ष की यात्रा में जिन लक्ष्यों को तय किया था .वह अभी पूरे नहीं हुए है .समाज जीवन में अभी भी बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं,जिनमें काम करना बाकी है .उन्होने स्वयं सेवकों से आहवान किया कि वे जहां भी काम कर रहे है वहां के लोगों का जीवन स्तर कैसे बेहतर हो सकता है .इसके लिए लगातार प्रयास करते रहे .

# शुक्र करे बदरिया रही शनिचरी छाय अइसा बोले भंड्डुरी बिन बरसे ना जाय

एक रोज कहू पढ़त मा घाग भंड्डुरी कै इया देखायगे की शुक्र करे बदरिया रही शनिचरी छाय अइसा बोले भंड्डुरी बिन बरसे ना जाय इया बेरी कुछ्छु अइसय भा दशहरा कै रोज लग सब ठीक-ठाक होइ जाइ. आने रोज से रुख बदलय लग.और शनिचर का भगमान भिजाइन दिहिन. दशहरा कै बाद सब




जग्घा साफ- सुथरा करय का काम लग जात है. इया मा शहरन से निकहा काम गांव मा होत है. अब ता सब जग्घा पक्का बनगे हय. नाही ता पहिले कच्चे घरन कै ओसारी अउर गइलहरा यता नीक लगय की उठईंन का मन ना होय.माटी कै भीतियन का पहिले माटी से निकहा चिकन करके फेर ओमा छुही पोत देय अउर नींचे गोवबर से लीप कै चारो कई निकही सुंदर डिग लग जाय ता आँखिन का यता आराम मिलय जइसन स्वर्ग मा आय गयन हो.अबहुँ कुछ्छु रिश्तेदारी मा इया मेर कै कुछ्छु घर बने हैं. पहिले कस ता अब लिपाई-पोताई नाही होइ पाव ऐसे की अब की मेहरिया इया सब ना जनतींन आय ना करय पौतीन आय.पढे-लिखे समाज मा येखर अब कउनो कीमत नाही रहिगे,जबकि हम सुनने हय कि नए शोधन मा इया बात सामने आयी है कि पहिले वाला रहन-सहन प्रकित कै अनुकूल रहा है. अब कै पत्थर ,लोहा अउर सिरमिट कै पक्का तापमान का बढामय मा सहयोगी हैं. येही से हर बरिस इया धरती कय गरमी बढ़त जाय रही है. अइसन नाही आय की पहिले पक्का किला ,गढी नाही बनत रही आय पर अपना पाच्य देखे होब की उं नदी,तालाब कै नेरे बनत रही हय. ऐसे की गरमी ना बढ़य पाबय.सब दिन बस्ती मा माटी कै घर अउर लकड़ी कै दुआर बने हैं. एक बेरी पुन कै मनई का जिय कै खितिर इया सब सोचय का परी.

# रीवा से दिल्ली, मुंबई और इंदौर की फ्लाइट शुरू होगी

## विंध्वासियों के लिए अच्छी खबर, महानगरों से होगी कनेक्टिविटी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, विंध्य क्षेत्र के लोगो के लिये अच्छी खबर है. अब रीवा से दिल्ली, और रीवा से इंदौर होकर नवी मुंबई जाने वाली फ्लाइट को हरी झंडी मिल गई है. इससे इन शहरों के बीच हवाई सफर बेहद आसान होगा.**

हवाई यातायात में 26 अक्टूबर 2025 से 28 मार्च 2026 तक लागू होने वाले विंटर शेड्यूल में रीवा से दिल्ली व मुंबई फ्लाइट का भी जिक्र है. हाल ही में इंडिगो एयरलाइंस स्टेशन प्रबंधक ने रीवा एयरपोर्ट का निरीक्षण अपनी टीम के साथ किया था. इंडिगो एयरलाइंस का स्टेशन खुलेगा. यह सब संभव हुआ डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला के अथक प्रयासों से, इंदौर से मिलने वाली 12 बड़े शहरों की कनेक्टिंग फ्लाइट का सीधा सा मतलब यह है कि रीवा हवाई मार्ग के जरिए पूरे देश से जल्दी ही जुड़ जाएगा. मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि अब रीवा से 72 सीटर हवाई जहाज उड़ने लगेंगे.उन्हाने बताया कि एयर इंडिया और इंडिगो जैसी कंपनियां रीवा से अपनी हवाई सेवाएं शुरू करेंगी. रीवा




से इंदौर होकर नवी मुंबई जाने वाली फ्लाइट के साथ ही, रीवा से दिल्ली हफ्ते में उड़ान की सुविधा भी मिलेगी. इसके बाद इस फ्लाइट के रिस्पॉन्स के हिसाब से इसका समय बढ़ाया जाएगा. जानकारी के मुताबिक प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में नया विंटर शेड्यूल लागू होने के बाद यात्रियों को सुविधाओं में और इजाफा होगा. 26 अक्टूबर से 28 मार्च तक विंटर शेड्यूल लागू रहेगा. 8 अक्टूबर के बाद नई उड़ान नवी मुंबई के लिए प्रारंभ होगी. इसके साथ ही इंदौर से कनेक्टिंग फ्लाइट रीवा से जाने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध होगी.ऐसे 12 शहर हैं, जिन्हें कनेक्टिंग फ्लाइट रीवा से इंदौर जाने वाले यात्रियों को मिलेगी. इसका मतलब है कि रीवा जल्द ही देश के सभी प्रमुख शहरों से हवाई मार्ग से जुड़ जाएगा. रीवा-पुणे, रीवा-हैदराबाद, रीवा-बैंगलोर, रीवा-गोवा, दिल्ली, और मुंबई जाना रीवा के लोगों के लिए बेहद सुलभ और आसान हो जाएगा.

### पर्यटन उद्योग में क्रांति आएगी

इस फ्लाइट के चालू होने से रीवा में पर्यटन उद्योग में क्रांति आ जाएगी. रीवा में घूमने के लिए बहुत सारी जगहें हैं, लेकिन फ्लाइट ना होने की वजह से पर्यटक नहीं आ पाते थे. अब रीवा में दुनिया के एकमात्र व्हाइट टाइगर सफारी, महामृत्युंजय का मंदिर, भैरव बाबा का मंदिर, और कई खूबसूरत प्रपात जैसे आकर्षण केंद्र बाहरी लोगों के लिए सुलभ हो जाएंगे.

# सिंगरौली में महसूस किए गए भूकंप के झटके

- 3.1 तीव्रता दर्ज, दस किलोमीटर गहराई पर था केंद्र

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अक्टूबर। जिले में आज दिन शनिवार की दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र सिंगरौली क्षेत्र बताया गया। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गई। हालांकि इससे किसी भी प्रकार की जन एवं धन हानि नही हुई है। राष्ट्रीय भूकंपीय केंद्र एनसीएस के अनुसार दोपहर 1: 33 बजे कंपन महसूस किया गया।**

राष्ट्रीय भूकंपीय केंद्र एनसीएस के अनुसार आज दिन शनिवार की दोपहर सिंगरौली जिले में भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप का केंद्र जमीन से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर था। तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गई। जानकारी के मुताबिक झटका दोपहर 1:33 बजे महसूस किया गया। भारतीय मौसम विभाग भोपाल कार्यालय के मौसम विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि भूकंप का केंद्र सिंगरौली क्षेत्र में दर्ज हुआ है। हालांकि झटके से किसी तरह की क्षति या जनहानि होने की सूचना अब तक नहीं मिली है। जैसे ही लोगों झटके महसूस किए हड़कंप की स्थिति बन गई। लोग सर्तकता बरते हुए घरों बाहर आ गए। झटकों से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। फिलहाल किसी भी प्रकार की जन एवं धन हानि नही हुई है। यहां जिले में साल में दो-चार बार भूकंप के झटके पहले भी महसूस किये जा चुके हैं।

# करंट की चपेट में आने से एक किशोर की मौत, कई घायल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, गुढ़ थाना अन्तर्गत महसांव में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन कर ट्रैक्टर ट्राली से लौट रहे लोग करंट की चपेट में आ गए.**

शाम लगभग 6 बजे यह हादसा हुआ, जिसमें एक किशोर की मौत हो गई. जबकि चार लोग घायल है, जिसमें लड़कियां भी शामिल है. सभी घायलो को गुढ़ स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है. बताया गया है कि सड़क से बिजली की तार निकली थी, जिसके चपेट में ट्रैक्टर ट्राली आ गई. जिससे सभी लोग घायल हो गये.

# शाहनगर में खेत की जाली में आया करंट, सास-बहू की मौत

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 अक्टूबर. पन्ना जिले के शाहनगर थाना क्षेत्र में आज सुबह करीब 9 बजे एक दर्दनाक हादसे ने सभी को झकझोर दिया। खेत में चारा काटने गए एक परिवार की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।**

घटना शाहनगर क्षेत्र के नदी पार के हार की बताई जा रही है, जहाँ सास रज्जु साहू एवं उनकी बाहु आशाबाई सुबह करीब 9 बजे खेत पर पहुँचे थे।



परिजनों के अनुसार, खेत में सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की जाली पर अचानक एक विद्युत तार गिर गया, जिससे पूरी जाली में करंट फैल गया था। घटना के समय आशाबाई खेत में चारा काट रही थीं, तभी उनका हाथ जाली से टकरा गया और वह करंट की चपेट में आ गईं। जैसे ही उन्होंने चीखकर मदद के लिए पुकारा, ससुर रज्जु शाहू उन्हें बचाने के लिए दौड़े लेकिन बहू को छुड़ाने के प्रयास में वह स्वयं भी करंट की चपेट में आ गए। मौके पर मौजूद ग्रामीण जब तक पहुँचे, जिसके पश्चात् एम्बुलेंस की मदद के लिए कॉल किया परन्तु कोई मदद नहीं मिली तो फिर निजी ऑटो से लेकर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र शाहनगर लाया गया। तब तक दोनों की ही दर्दनाक मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर छा गई। ग्रामीणों ने घटना को लेकर विधुत विभाग की लापरवाही पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजरने वाली विद्युत तारें काफी नीचे झूल रही हैं, जिसकी शिकायत कई बार की गई थी, लेकिन समय रहते ध्यान नहीं दिया गया। परिजनों का अस्पताल मे विरोध बढ़ता देख मौंके पर शाहनगर का पुलिस बल मोके पर पंहुचा एवं परिजनों को समझाइस दी जिसके पश्चात पुलिस ने शवों का पंचनामा बनाकर पी एम हेतु भेज दिया है।

# बाणसागर की नहर में मिला युवक का शव

नवभारत न्यूज

**सीधी, 4 अक्टूबर. कमर्जी थाना अंतर्गत खोरखा खास के कैमोर पहाड़ के नीचे बाणसागर मुख्य नहर में आज एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के पश्चात मौके पर पहुंची कमर्जी पुलिस द्वारा नहर के पानी से युवक के शव को बाहर निकलवाया गया।**




पंचनामा कार्रवाई के दौरान मृतक की शिनाख्त मणिराज पटेल पिता दिनेश पटेल निवासी ग्राम पिपरहा थाना अमिलिया के रूप में हुई। कमर्जी थाना पुलिस की पूछताछ के बाद यह स्पष्ट हो पायेगा कि यह घटना कैसे घटित हुई। पुलिस द्वारा मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया गया है।

# 50 घंटे बाद दिलीप का शव हुआ बरामद

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अक्टूबर। सरई थाना क्षेत्र के कुकरांव गांव स्थित महान नदी में 2 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक नदी में छलांग लगा दिया था। करीब 50 घंटे बाद युवक का शव घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर नदी के किनारे आज दिन शनिवार को बरामद हुआ।**

गौरतलब है कि सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी तिनगुड़ी के कुकरावं में दुर्गा जी की प्रतिमा विसर्जन करने उमड़ी थी भिड़ करीब 18-20 मूर्तियों का कुकरावं महानदी में विसर्जन किया गया,



उसी दौरान लोगों ने पुल के ऊपर से छलांग लगाने लगे 6 युवकों ने लगाया था छलांग। जिसमें से तीन चार को सुरक्षित बचा लिया गया था, दिलीप रजक को नहीं बचाया जा सका। क्योंकि गहरे पानी में चला गया था, अचानक डूबा फिर ऊपर नहीं आया, मृतक दिलीप युवक बरगवां थाना क्षेत्र स्थित मोख्खा टोला निवासी था। अपने जीजा के यहां पुरैल गांव में गया था। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस पुलिस के मुताबिक वहां प्रतिबंध था दुर्गा विसर्जन करने के लिए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम तत्काल एनडीआरएफ की टीम लगाकर सर्चिंग अभियान दो दिनों तक किया गया, लेकिन एनडीआरफकी टीम असफल रही। लगातार बारिश भी सिंगरौली में झमाझम हो रही थी, फिर भी पुलिस ने हार नहीं मानी, एनडीआरएफ की टीम के साथ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवसर गायत्री तिवारी व थाना प्रभारी सरई निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया व थाना प्रभारी माड़ा निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा एवं तिनगुड़ी चौकी प्रभारी उपनि अमन वर्मा, बरका चौकी प्रभारी उपनि नृपेंद्र सिंह समेत एनडीआरएफ की टीम खोजबीन करने में जुटी रही, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी। वही बारिश के दौरान पानी का जलस्तर बढ़ गया था, तेज बहाव होने के कारण रात में शव घटनास्थल से 2 किलोमीटर दूर बहकर चला गया था। घटना घटित होने के बाद घर परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुये पोस्टमार्टम के लिए सरई के लिए रवाना कर दी।



# भर्ती होने के लिए तड़पता रहा मासूम

## बड़ी लापरवाही उजागर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, रीवा के संजय गांधी अस्पताल में मरीजो को अगर भर्ती करना हो तो किसी की सिफारिस चाहिये. सरलता से अस्पताल में कोई भर्ती हो जाय यह बहुत ही मुश्किल है. शनिवार को संजय गांधी अस्पताल में एक बड़ी लापरवाही सामने आई. 13 साल का मासूम इलाज के लिये दो घंटे तक तड़पता रहा, अस्पताल स्टाफ ने उसे भर्ती कराने के बजाय इधर-उधर भटकाते रहे.**

परिजन हाथ में बॉटल पकड़े खड़े रहे और बार-बार विनती करते रहे, लेकिन मासूम को तुरंत भर्ती नहीं किया गया. आखिरकार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के बाद बच्चे को एडमिट किया गया, तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी और अब वह वेंटिलेटर पर जिंदगी की जंग लड़ रहा है. परिजनों ने बताया कि बच्चे पर बिजली गिरी थी. पहले महोबा जिला अस्पताल में उसे भर्ती किया गया था, बाद में पन्ना से रीवा रेफर किया गया. लेकिन रीवा पहुंचते ही अस्पताल में लापरवाही हुई और उसे घंटों भर्ती नहीं किया गया. परिवार वालों के मुताबिक, पहले उन्हें बर्न वॉर्ड भेजा गया, जहां भर्ती से मना कर दिया गया फिर उन्हें सात नंबर वार्ड भेजा गया, लेकिन वहां भी बच्चे को एडमिट नहीं किया गया. इसी बीच बच्चे की हालत बिगड़ती चली गई. आखिरकार परिजनों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की. इसके बाद करीब दो घंटे की देरी से बच्चे को बच्चों के वार्ड में भर्ती किया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है.

### अधीक्षक ने जताई नाराजगी

अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा ने इस पूरे मामले में कड़ी नाराजगी जताई है. उन्होंने कहा कि इस तरह की संवेदनशील स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जांच के बाद जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.


# सुबह हुई बारिश, दोपहर में खुला आसमान

## खेती के लिए फायदेमंद, बारिश से लोग होने लगे परेशान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अक्टूबर। आज दिन शनिवार की सुबह करीब आधा घंटा से अधिक समय तक बैढ़न समेत आसपास के गांवों में बारिश हुई, लेकिन दोपहर होते-होते आसमान से बादल छट गये और कई दिनों बाद सूर्य देवता के दर्शन हुये।**

दरअसल बीते दिन शुक्रवार की दोपहर करीब 2:30 बजे से लेकर शाम करीब 6 बजे तक



तेज चमक-गरज के साथ ऊर्जाधानी में जमकर बारिश हुई। इसके बाद बारिश थम गई, लेकिन आसमान में काले बादल मड़राते रहे। आज शनिवार की अल सुबह रिमझिम फुहारे होने के बाद सुबह 9 बजे से बारिश तेज हो गई। हालांकि एक घंटे तक बारिश का असर रहा। इस बारिश से धान फसलों के काफी उपयुक्त माना जा रहा है। वहीं अब रात के वक्त धीरे-धीरे ठण्ड का भी एहसास होने लगा है।

# सीखने के दौरान अनियंत्रित होकर तालाब में गिरी कार

नवभारत न्यूज

**सीधी, 4 अक्टूबर. एक युवक को कार ड्राइविंग करना उस वक्त महंगा साबित हुआ जब कार अनियंत्रित होकर सड? से उतरकर तालाब में जा गिरी।**

लोगों की तत्परता से युवक की जान बची। यह वाकया जिले के मझौली थाना अंतर्गत ग्राम ताला का सामने आया है। ताला में पुलिया के पास कोरियाई मोहल्ले की ओर से आ रही एक बेकाबू कार सीधे तालाब में जा गिरी। यह घटना शुक्रवार शाम करीब 5-30 बजे हुई। गनीमत यह रही कि कार चला रहे युवक की ग्रामीणों




की तत्परता से जान बची और उसे सुरक्षित तालाब से बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार ताला निवासी अनिल सोनी ने लगभग पंद्रह दिन पहले ही यह सेकेंड हैंड कार खरीदी थी और यह उनका पहला वाहन था। गांव के ही राकेश व्यास ने बताया कि अनिल अभी ड्राइविंग सीख रहे थे और वाहन चलाने में पूरी तरह योग्य नहीं थे। बताया गया है कि हादसे के वक्त अनिल अपने घर से मुख्य मार्ग की ओर मझौली जाने के लिए कार से निकले थे। तभी अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वह तालाब में जा गिरी। हादसे के वक्त कार में अनिल के अलावा कोई और सवार नहीं था, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। कार के तालाब में गिरने की खबर तेजी से गांव में फैली और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की मदद से अनिल सुरक्षित बाहर निकल पाए। हालांकि, कार पूरी तरह पानी में डूब गई, जिसे निकालने के प्रयास शुरू किया गया।

# दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 अक्टूबर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि राज्य सरकार जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है. औषधियों की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं है.**

दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस मामले में कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्पष्ट किया कि प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में नहीं छोड़ा जाएगा. आमजन को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय औषधियाँ उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. इस दिशा में प्रदेश सरकार लगातार सतर्क और सजग रहते हुए दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई कर रही है. उन्होंने कहा कि 26 से 28 सितम्बर 2025 तक जिला छिंदवाड़ा में औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा औषधि विक्रय संस्थानों एवं अस्पतालों का संयुक्त निरीक्षण किया गया. इस निरीक्षण में प्राप्त अनियमितताओं पर गंभीरता से संज्ञान लेकर अब तक कई महत्वपूर्ण कदम



उठाए गए हैं. इस दौरान कुल 19 औषधि नमूने संकलित कर शासकीय परीक्षण प्रयोगशालाओं को भेजे गए हैं. जनहित को दृष्टिगत रखते हुए 30 सितम्बर 2025 को छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ़ सिरप और नास्ट्रो-डीएस के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई. 30 सितम्बर 2025 को ही इंदौर स्थित आर्क फार्मास्यूटिकल्स के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर डिफ्रॉस्ट सिरप बैच नं. 11198 को बाजार से रिकॉल करने के निर्देश दिए गए. औषधि महानियंत्रक (भारत सरकार), नई दिल्ली तथा संबंधित राज्यों हिमाचल प्रदेश और तमिलनाडु के औषधि नियंत्रकों को 1 अक्टूबर 2025 को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा गया. साथ ही जबलपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट और मंडला जिलों के औषधि निरीक्षकों को सम्मिलित कर 1 अक्टूबर 2025 को विशेष जांच दल गठित किया गया. समस्त औषधि निर्माताओं, औषधि निरीक्षकों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा मेडिकल कॉलेजों के डीन को 1 अक्टूबर 2025 को क्लोर फ़ेनिरामाइन मलेट एवं फ़ेनाइलफ़्रिन एचसीएल के उपयोग के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है. जबलपुर स्थित कटारिया फार्मास्यूटिकल्स पर कार्रवाई करते हुए 2 अक्टूबर 2025 को कोल्ड्रिफ सिरप की 66 बोतलों में से 50 बोतलें बिक्री हेतु रोक दी गई और 16 बोतलों का नमूना परीक्षण हेतु संकलित किया गया है.

# अजीब बदबू से गनियारी एवं बलियरी वासी त्रस्त

## बलियरी में अमोनिया नाइट्रेट गैस लीक होने का है अंदेशा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अक्टूबर। बैढ़न के गनियारी एवं बलियरी में इन दिनों अजीब तरीके के बदबू से त्रस्त हो चुके हैं। चर्चा है कि बलियरी स्थित किसी ब्लॉस्टेक कंपनी से अमोनिया नाईट्रेट गैस लीक होने से ऐसी स्थिति आये दिन निर्मित होती रहती है। फिर भी स्थानीय प्रशासन एवं प्रदूषण नियंत्रण अमला बेसूध है।**

दरअसल पिछले चार महीनों बीच-बीच में बैढ़न के बलियरी एवं गनियारी में अजीब तरीके से बदबू सुबह से लेकर दोपहर तक बनी रहती है। आज दिन शनिवार की सुबह करीब 9 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक इसी तरह की अजीब बदबू गनियारी चौरा टोला समेत बलियरी में आ गई थी। जहां लोग बताते हैं कि आये दिन अमोनिया नाईट्रेट गैस के चलते इस तरह की स्थिति निर्मित होती है। वहीं लोग परेशान होकर स्थानीय प्रशासन को कोसने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं और यहां के लोग यह भी कहते हैं कि एसडीएम, तहसीलदार के साथ-साथ प्रदूषण नियंत्रण अमला उन ब्लॉस्टेक कंपनियों पर कोई ठोस कार्रवाई नही की जाती है। लिहाजा ब्लॉस्टेक कपंनिया मनमानी पर उतारू है। यहां के स्थानीय रहवासियों ने नवागत कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99